# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 1 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 298 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




# तमिलनाडु में साइक्लोन दितवाह से 3 की मौत

### 149 जानवरों की जान गई, 234 कच्चे घर टूटे, 57,000 हेक्टेयर खेती की जमीन डूबी





**चेन्नई (एजेंसी)।** साइक्लोन दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत हो गई। तूतीकोरिन और तंजावुर में रविवार को दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान चली गई।

राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया कि तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है। श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह रविवार शाम को तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से टकराएगा। मौसम विभाग ने कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत 28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है। इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। रामेश्वरम-चेन्नई सेक्टर में 11 ट्रेनों का रूट बदला गया है। इंडिगो ने जाफना, तूतीकोरिन और तिरुचिरापल्ली आने-जाने वाली फ्लाइट कैंसिल कीं। पुडुचेरी में साइक्लोन से निपटने के लिए 2 एनडीआरएफ टीम तैनात की गईं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दीं। 3 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

### आईएमडी डायरेक्टर जनरल बोले- साइक्लोन तट के करीब पहुंचा

भारतीय मौसम विभाग के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने कहा, साइक्लोन दितवाह अभी तमिलनाडु और पुडुचेरी के तट के पास है। सुबह यह तट से लगभग 70 किमी दूर था। धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ रहा है। इसकी हवा की स्पीड अभी 70-80 किमी/घं के बीच है, जो कुछ इलाकों में 90 किमी/घं तक पहुंच सकती है।

# दिल्ली ब्लास्ट- खाड़ी देश भागने वाली थी डॉ. शाहीन

- पाकिस्तानी हैंडलर से मिलना था, नया पासपोर्ट न बन पाने से निकलने का मौका नहीं मिला

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. शाहीन सईद ब्लास्ट के बाद खाड़ी देश में जाकर पाकिस्तानी हैंडलर से मिलने वाली थी। इसके लिए शाहीन नया पासपोर्ट बनवा रही थी। उसने दिल्ली ब्लास्ट से 7 दिन पहले पासपोर्ट वेरिफिकेशन कराया, लेकिन पुलिस पासपोर्ट से संबधित रिपोर्ट को जमा नहीं करा पाई, जिस कारण शाहीन को देश से निकलने का मौका नहीं मिला।



सूत्रों के अनुसार, शाहीन के लॉकर से खाड़ी देशों की करेंसी मिलने के बाद उसकी पूर्व में की गई यात्राओं का पूरा डेटा नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) निकाल रही है। पता किया जा रहा है कि यात्राओं में उससे कौन मिला, किन होटलों में वह ठहरी, किस समय किस देश की यात्रा की?

जांच एजेंसी के सूत्र बताते हैं कि डॉ. शाहीन सईद के पास 2 पासपोर्ट थे। उन पर उसने सालों तक खाड़ी देशों की यात्राएं कीं। इन देशों में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, दुबई शामिल हैं। डॉ. शाहीन इन देशों में जाकर आतंकी नेटवर्क के लिए एनजीओ के जरिए फंड इकट्ठा कर रही थी। हालांकि, दिल्ली में ब्लास्ट के बाद किस खाड़ी देश में पाकिस्तानी हैंडलर से वह क्यों मिलने वाली थी, यह साफ नहीं हो सका है।

मन की बात का 128वां एपिसोड : पीएम मोदी ने कहा –

# नए साल की खरीदारी में वोकल फॉर लोकल अपनाएं, कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलना शानदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया।

पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा। शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलिंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते।



महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

### मन की बात की 5 बड़ी बातें...

- वोकल फॉर लोकल अपनाने की अपील
- नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही
- उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म बढ़ रहा
- स्थानीय उपाद अपनाने की अपील
- वाराणसी में चौथा काशी-तमिल संगमम

# सामाजिक सरोकार, समरसता और सादगी की मिसाल बना उज्जैन का सामूहिक विवाह समारोह

### मुख्यमंत्री ने सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया: राज्यपाल मंगुभाई पटेल

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामाजिक सरोकार, समरसता और सादगी की मिसाल प्रस्तुत करते हुए अपने छोटे पुत्र का पाणिग्रहण संस्कार उज्जैन में हुए सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराया। योग गुरू स्वामी रामदेव ने 21 जोड़ों के सामूहिक विवाह संस्कार कार्यक्रम का संचालन किया। स्वामी रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने ऐसी मिसाल प्रस्तुत की है। देश के प्रभावशाली, राजनीतिक और धनी व्यक्तियों के लिए यह एक अनुकरणीय पहल है। विवाह की इस प्रक्रिया के अनुसरण से शादियों में होने वाले अपव्यय को रोका जा सकेगा और मध्य तथा निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह भाव सबका साथ-सबका विकास की भावना के अनुरूप है।

उज्जैन में रविवार को सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुत्र चिरंजीव डॉ. अभिमन्यु का डॉ. इशिता के साथ विवाह यादगार बन गया। एक ही पंडाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुत्र के साथ जन-सामान्य के पुत्र-पुत्रियों के विवाह ने अद्भुत आत्मीयता और समानता के भाव का संचार किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने समस्त नव-दंपतियों को बधाई दी। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में सामूहिक विवाह स्थल पर पधारे अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में सनातन की परंपरा के अनुसार विवाह के कार्यक्रम हो रहे हैं। सामूहिक विवाह समारोह में समाज के सभी वर्गों के नव-दंपति सम्मिलित हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के वर-वधू भी शामिल हैं।



# मुख्यमंत्री करेंगे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

### गीता जयंती पर 3 लाख गीता पाठी एक साथ करेंगे श्रीमद्भगवद्गीता का सस्वर पाठ

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, आज 1 दिसंबर, सोमवार को गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जायेगा। गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन किये गये है। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में 16 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी।




### उज्जैन में तीन दिवसीय भव्य आयोजन, पहले दिन अभिनेता पुनीत इस्सर की प्रस्तुति

उज्जैन के दशहरा मैदान पर 1 से 3 दिसंबर तक विविध सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे है। इसमें पहले दिन अभिनेता पुनीत इस्सर द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका जय श्रीकृष्णा का मंचन होगा। दूसरे दिन नई दिल्ली की वैष्णवी शर्मा का काव्य पाठ विराटजयी तथा मुंबई के मोहित शेवानी एवं दल द्वारा कृष्णायन की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। अंतिम दिन उमेश तरकसवार द्वारा निर्देशित विश्ववंदनीय एवं बैंगलोर के डॉ. सलाउद्दीन पाशा द्वारा निर्देशित गीता ऑन व्हील्स की प्रस्तुति होगी।

संसद का शीतकालीन सत्र आज से

# विंटर सेशन में ठंडे दिमाग से काम की उम्मीदः रिजिजू

- एसआईआर पर कहा- मैं ईसी का प्रवक्ता नहीं, सर्वदलीय बैठक हुई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक की गई। 1 दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस मीटिंग में विपक्ष के सभी सीनियर लीडर शामिल हुए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने कहा- हम विपक्षी पार्टियों की बात सुनेंगे। यह विंटर सेशन है, हम उम्मीद करते हैं कि सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे। पार्लियामेंट में एक सार्थक चर्चा होगी, कोई डिस्टर्बेंस नहीं होगा। एसआईआर मुद्दे पर रिजिजू ने कहा- मैं यह नहीं कह सकता कि हम चर्चा के लिए कौन से मुद्दे लाएंगे। इलेक्शन कमीशन अपना काम करता है।

# राजनाथ के मैथ्स के सवाल पर चकराए 600 ट्रेनी आईएएस

- गलत जवाब मिला तो कहा- दोबारा कोशिश करिए; फिर प्रोफेसर की तरह समझाया

**देहरादून (एजेंसी)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) पहुंचे। वहां उन्होंने 600 से ज्यादा ट्रेनी आईएएस से मैथ से जुड़ा एक ऐसा सवाल पूछा, जिससे कुछ देर के लिए सभी चकरा गए।



राजनाथ सिंह ने पूछा- किसी व्यक्ति के पास इतना पैसा था कि उसने आधा पैसा एको दे दिया, वन थर्ड बी को दे दिया, और जो रेस्ट अमाउंट बचा था 100 पैसा वो सी को दे दिया, बताइए टोटल अमाउंट कितना था।

राजनाथ सिंह के सवाल पूछते ही हॉल में सन्नाटा छा गया। एक मिनट तक कोई जवाब नहीं दे पाया। रक्षा मंत्री ने दोबारा सवाल दोहराया। फिर एक ट्रेनी आईएएस ने जवाब दिया लेकिन राजनाथ सिंह ने सिर हिलाते हुए उसे गलत बताया। इसके बाद एक ट्रेनी आईएएस ने राजनाथ सिंह के सवाल का सही आंसर दिया। जवाब सुनकर राजनाथ सिंह ने कहा- जिस तरह मैथ में कभी सॉल्यूशन सिर्फ मान लेने से निकल जाता है उसी तरह कभी-कभी आस्था और विश्वास से भी कई चीजों का हल निकल जाता है।

# आनंद विकास शिक्षा प्रसार समिति ने कराया सामूहिक विवाह सम्मेलन

दिव्यानंद अर्गल




गोहद। आनंद विकास शिक्षा प्रचार समिति के तत्वाधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, यह आयोजन राम जानकी मंदिर भिंड रोड गोहद चौराहे पर किया गया, समिति के द्वारा चार वर - वधू के जोड़ों का विवाह संपन्न किया गया, वर बधु ने एक दूसरे को फूलो की माला पैनल और समिति के द्वारा चारों जोड़ों पर फूलों की वर्षा की गई | आम जनता और वर वधु के पारिवारिक सदस्यों ने वर - बधु को आशीर्वाद दिया, आनंद विकास शिक्षा प्रसार समिति के इस वैवाहिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेता बीजेपी प्रशांत आर्य, प्रमोद कामत (पार्षद), मुनेश तोमर (पार्षद), दिनेश बौद्ध (आनंद समिति के प्रदेश सचिव) ,लाला राम चौरसिया आदि अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे, और समिति के द्वारा उपहार भेंट किए गए | समिति के सदस्यों द्वारा मंत्रों का उच्चारण कर पूरे हर्षोल्लास और रीति रिवाज के साथ वर बधु की शादी संपन्न कराई गयी, दिनेश बौद्ध जी ने कहा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक कुरीतियों को खत्म करता है और गरीब लोग दहेज से बचते हैं यह एक सामाजिक परिवर्तन का कार्य है हम सभी को इस कार्य को मिलजुल कर करना चाहिए जिससे समाज में पहले विकृतियों को खत्म किया जा सके, एवं आयोजक समिति सदस्य लालाराम चौरसिया जी ने बताया कि 28 दिसंबर माह में हम पुनः सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करेंगे |

## महू SDM राकेश जी परमार से रणजीत टाइम्स टीम की विशेष मुलाकात




**महू। रणजीत टाइम्स की डेस्क प्रभारी रेणु केथवास ने आज महू SDM राकेश जी परमार से सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने माता अहिल्या देवी का पवित्र एवं आकर्षक फोटो-फ्रेम भेंट कर SDM परमार का सम्मान किया।**

SDM राकेश जी परमार ने इस भावपूर्ण भेंट की सराहना करते हुए कहा कि "माता अहिल्या के आदर्श प्रशासनिक सेवा को सदैव दिशा देते हैं।" इस दौरान उन्होंने रणजीत टाइम्स के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि "रणजीत टाइम्स ने लगातार निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की मिसाल कायम की है।" SDM परमार ने विशेष रूप से रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक गोपाल गवांडे जी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि "गोपाळ गवांडे जी ने पत्रकारिता में ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त मार्ग प्रशस्त किया है। डेस्क प्रभारी रेणु केथवास ने कहा कि रणजीत टाइम्स आगे भी जनहित, पारदर्शिता और विश्वसनीय पत्रकारिता के अपने संकल्प पर पूरी निष्ठा से कार्य करता रहेगा। मुलाकात सम्मान, सौहार्द और सकारात्मक संवाद के माहौल में सम्पन्न हुई।

## अमित बामोर जी, सिमरोल टीआई, ने दी गोपाल गावंडे जी को रणजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ




**सिमरोल। सिमरोल टीआई अमित बामोर जी ने रणजीत टाइम्स के 10 सफल वर्ष पूर्ण होने पर प्रधान संपादक गोपाल गावंडे जी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।**

उन्होंने कहा कि रणजीत टाइम्स ने बीते एक दशक में भरोसेमंद, सटीक और सकारात्मक पत्रकारिता की मिसाल पेश की है, जिसका श्रेय गोपाल गावंडे जी के नेतृत्व, उनकी दूरदृष्टि और टीम के समर्पित प्रयासों को जाता है। अमित बामोर जी ने कहा कि गोपाल जी ने अपने कार्यकाल में मीडिया जगत में निष्पक्षता, अनुशासन और जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हुए एक मजबूत पहचान स्थापित की है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी रणजीत टाइम्स इसी तरह समाजहित, पारदर्शिता और जनसमस्या समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

साथ ही बामोर जी ने यह भी कहा कि 10 वर्ष की यह उपलब्धि केवल एक संस्था का सफ़र नहीं, बल्कि विश्वास, परिश्रम और जनसेवा की कहानी है। उन्होंने गोपाल गावंडे जी और उनकी पूरी टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि रणजीत टाइम्स आने वाले समय में और भी ऊँचाइयों को प्राप्त करे।

# विधानसभा क्षेत्र सांवेर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे के विवाह समारोह में शनिवार को राजनीतिक और सामाजिक दिग्गजों का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला

## इस अवसर पर भाजपा परिवार के कई प्रमुख नेता वर-वधू को

खुशबू श्रीवास्तव

समारोह में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, कैबिनेट मंत्री के पुत्र, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय तथा राज्य मंत्री सावन सोनकर की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सरवन सिंह चावड़ा,



भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार, भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष सतीश मालवीय और पूर्व जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त भाजपा जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओम प्रसादिय, वरिष्ठ नेता अंतर सिंह दयाल, सुरेश सिंह धनखेड़ी, पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल सिंह चौधरी, प्रेम सिंह ढाबली, राजाराम गोयल, कंचन सिंह चौहान, पूरण शर्मा, संतोष पाटीदार, शिवपाल सिंह चावड़ा, जितेंद्र सिंह आंजना, अजय सिंह पवार और भंडारी जी सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक भी रहे।

# धर्मवीर सेवा संस्थान ने सेवा बस्ती में बच्चों एवं बड़ों को वितरित किए गर्म कपड़े




राजेश धाकड़

इंदौर रोबोट चौराहा, बढ़ती सर्दी को ध्यान में रखते हुए धर्मवीर सेवा संस्थान ने मानवीय सेवा और सामाजिक दायित्व के तहत आज रोबोट चौराहे के पास स्थित सेवा बस्ती में रहने वाले बच्चों एवं बड़ों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। संस्था की यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत का माध्यम बनी। कार्यक्रम के दौरान संस्था के कार्यकर्ता सेवा बस्ती में घर-घर पहुँचकर बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप गर्म वस्त्र प्रदान करते नज़र आए। सदस्यों ने स्थानीय लोगों की जरूरतों को समझते हुए आगे भी हर संभव सहायता जारी रखने का विश्वास दिलाया। संस्था के कार्यकारिणी अध्यक्ष सौरभ पांडे ने बताया कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा की भावना से पहुंचना संगठन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता कर संस्था अपने संकल्प को निरंतर निभाती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से घुमंतू कार्य के जिला संयोजक दीपक जी चौहान, जनजाति विकास मंच संयोजक दुर्गेश गोलकर, संस्था के सचिव चेतन जी भोसले, संयोजक विशाल जी श्रीवास, सह सचिव पंकज जी पाटिल, पवन जी पवार, कपिल जी बारे, भाजपा मंडल मंत्री दीपक चौहान, प्रियांशु राय, राम राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंदौर में चाइनीज मांझे से छात्र की गर्दन कटी, मौत:दोस्तों के भी हाथ कटे, रालामंडल से लौटते समय तेजाजी नगर बायपास पर हादसा



इंदौर में चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के कारण 16 साल के छात्र की मौत हो गई। हादसा रविवार को तेजाजी नगर बायपास पर हुआ। घायल छात्र को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल भेजकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान ओमेक्स सिटी निवासी 16 वर्षीय गुलशन पुत्र रामकिशन के रूप में हुई है। वह अपने भाई अरुण और दोस्त विशाल व कृष्णा के साथ बाइक से घर लौट रहा था। सभी सुबह रालामंडल घूमने गए थे। वापस लौटते समय रास्ते में अचानक पतंग का मांझा बाइक की दिशा में आ गया और गुलशन की गर्दन पर फंस गया। इससे उसे गहरा कट लगा।

आठवीं में पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करता था गुलशन गुलशन के साथ बाइक पर बैठे अरुण, विशाल और कृष्णा ने भी डोर पकड़ने की कोशिश की। इससे उनके भी हाथों में चोट आई। हालांकि, गुलशन की चोट गंभीर थी। अत्यधिक खून बहने के कारण उसने अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया। गुलशन मूलतः ठीकरी अशोक नगर का रहने वाला था। पिता रामकिशन मजदूरी करते हैं। परिवार में माता और भाई अरुण हैं। गुलशन 8वीं कक्षा का छात्र था और पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की मदद के लिए छोटा-मोटा काम भी करता था।

25 नवंबर को चाइनीज मांझे पर लगाया था प्रतिबंध

इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने 25 नवंबर को चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने बताया था कि चाइनीज मांझा के उपयोग से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। मांझे से चोट लगने और कटने के कई मामले भी सामने आ चुके हैं। साथ ही ये पशु-पक्षियों के लिए भी खतरा होता है। ये चिंताजनक बात है। इसलिए इसे प्रतिबंधित किया गया है। इसे बेचना और इसका भंडारण करना प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर बोले- टीम भेजकर सख्त कार्रवाई करेंगे।

# कपिल मोटर्स द्वारा आयोजित भागवत कथा का हुआ भव्य समापन, अन्नकूट महाभोज में उमड़ा जनसागर



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। कपिल मोटर्स द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा, जो कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से सात दिनों से चल रही थी, आज हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। कथा के अंतिम दिवस पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्तिरस की अविरल धारा बहती रही। समापन अवसर पर ग्राम पंचायत भटनावर के सरपंच संजय अवस्थी द्वारा वीर सावरकर पार्क के पास भव्य अन्नकूट महाभोज का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दिव्य वातावरण का अनुभव किया। अन्नकूट वितरण के दौरान सेवा भाव और सौहार्द का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के उपदेशों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया और आयोजन समिति एवं ग्राम पंचायत का धन्यवाद किया। पूरे क्षेत्र में आयोजन की सराहना हो रही है।

# इन्दौर नेहरू पार्क पर श्री चिड़ार समाज चुनाव समिति की अहम बैठक संपन्न हुई

खुशबू श्रीवास्तव



इंदौर। इन्दौर नेहरू पार्क पर श्री चिड़ार समाज चुनाव समिति की अहम बैठक संपन्न हुई जिसमें 21 दिसंबर में होने वाले श्री चिड़ार समाज के चुनाव को लेकर चुनाव सुचारू रूप से कैसे हो उसे लेखकर अहम निर्णय लिए गए चुनाव प्रक्रिया किस प्रकार से हो , सभी मीटिंग में उपस्थित लोगों ने अपने अपने सुझाव दिए क्योंकि आज तक के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि श्री चिड़ार समाज के लोग लोकतांत्रिक तरीके से श्री चिड़ार समाज का अध्यक्ष चुनेंगे, क्योंकि इसके पहले जो भी अध्यक्ष बने है वोह समाज के पंचों द्वारा अध्यक्ष चुने गए है परंतु इस बार इतिहास में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव होंगे जिसमें कोई भी स्वतंत्र रूप से चुनाव में खड़ा हो सकता है श्री चिड़ार समाज के लोग इसे चुनाव महोत्सव समझ कर बढ़ जड़कर हिस्सा ले रहे है एवं घर घर जाकर चुनाव का प्रचार प्रसार कर रहे है आगामी 21 दिसंबर को स्थान 65 शिव मंदिर मुसाखेड़ी में चुनाव की तारीख सुनिश्चित कर दी गई है और 10 दिसंबर तक जो लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं वह स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ सकते है 21 दिसंबर को चुनाव के पश्चात भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है।

# सहजयोग, व्यष्टि से समष्टि बनने की आध्यात्मिक यात्रा है

**अखण्ड मण्डलाकारं, व्याप्तं येन चराचरम् । तत्पदं दर्शितं येन, तस्मै श्री गुरवे नमः॥**

सहजयोग एक अत्यंत सुंदर, सहज, सरल ध्यानपद्धति है, जो हमारे आध्यात्मिक, सामाजिक व शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मराठी में एक कहावत है, 'बहुत सुकृताची जोडी, तयी विठ्ठल आवडी' अर्थात हमारे पूर्वजन्मों के सुकृत्यों के कारण हम परमपिता परमेश्वर की ओर, इनकी अपरंपार महिमा की ओर आकृष्ट होते हैं। प. पू. श्रीमाताजी - कहते हैं, अगर एक बार अपनी इच्छा शक्ति जागृत कर आपने आत्मसाक्षात्कार माँगा तो आपके भीतर स्थित माँ स्वरूपिणी कुंडलिनी शक्ति उर्ध्वगामी होकर आपके आत्मदीप को प्रज्वलित कर देती है। प. पू. श्री माताजी प्रणित सहजयोग केवल आत्मसाक्षात्कार द्वारा मानवीय उत्थान की बात करता है। हमारा आत्मस्वरूप, परमात्मा का एक अंश, 'शिवांश है और हमारे भीतर आद्याशक्ति कुंडलिनी



के रूप में हैं। यह शास्त्रों में वर्णित है और सहजयोग द्वारा अनुभूत है। प.पू.श्री माताजी कहते हैं एक बार जब आपको आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है और नियमित ध्यान से जब आपका आत्मसाक्षात्कार पोषित और पल्लवित होता है तब एक बूंद सागर बन जाती है । आत्मा जगत के हर मानव के लिये सामूहिकता और प्रेम का स्त्रोत है। तब आपका चित्त उन सभी लोगों पर जाता है जो मुसीबत में हैं, जिन्हें मदद की जरूरत है। इस चित्त से। जो इतना आलोकित है, प्रबुद्ध है, आप यहीं बैठे बैठे उनकी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। ऐसे लोगो के साथ न युद्ध की जरूरत है, न हथियार की जरूरत है, न किसी / भौगोलिक सीमा विस्तार की जरूरत है..... यह एक विशेष समय है। जहाँ इतने सारे पुष्प है जो सच्चाई को खोज रहे हैं। सभी धर्मो मे इसका वर्णन किया गया है। तब हम किसी से इस बात पर नफरत नहीं करते कि वह इस धर्म में विश्वास करता है या किसी अन्य धर्म में। इसके विपरीत हम सभी धर्मों में विश्वास करते हैं। ये वही शक्ति है जिसके कारण एक बूंद सागर बन जाती है। व्यक्ति समष्टि बन जाता है। प्रेम के हथियार से आप भी अपने हृदय में, परिवार और समाज में शांति स्थापित कर सकते हैं, सहजयोग के माध्यम से। नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# थाना छत्रीपुरा में बडी मात्रा में प्रतिवंधित चाईनीज धागा सहित धराये दो आरोपी,70 हजार रुपये के मश्रूका के 200 रोल किये जप्त



छतरीपुरा थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव



खुशबू श्रीवास्तव

थाना छत्रीपुरा क्षेत्र में चायनीज मांझा की चैकिंग के दौरान पुलिस टीम थाना छत्रीपुरा द्वारा एक व्यक्ती को रेडियो चौक वियावानी इंदौर पर चैक किया जिसके पास एक प्रतिवंधित चाईनीज धागा का रोल मिला जिससे उसका नाम पता पूछते उसने अपना नाम देव ओटकर पिता रमेश ओटकर उम्र 25 साल निवासी 6/6 रेडियो चौक वियावानी इंदौर होना बताया व उसके पास से मिले प्रतिवंधित चाईनीज धागा का रोल के वारे में पूछताछ करने पर बताया कि वह यह प्रतिवंधित चाईनीज धागा का रोल समीर मेव निवासी मेवाती मोहल्ला थाना एमजीरोड इंदौर से लेकर आया हूँ जिसकी जानकारी वरिष्ट अधिकारियों को दी गई वाद देव ओटकर द्वारा बताये स्थान पर से आरोपी समीर मेव पिता सफीक मेव उम्र 25 साल निवासी 63 मेवाती मोहल्ला थाना एमजीरोड इंदौर की दुकान से 200 रोल प्रतिवंधित चाईनीज धागा के रोल के साथ समीर मेव पिता सफीक मेव उम्र 25 साल निवासी 63 मेवाती मोहल्ला थाना एमजीरोड इंदौर को पकडा गया आरोपी समीर मेव से प्रतिवंधित चाईनीज धागा के लाने के संबध में पूछताछ कर धारा 223 (बी), 125 बी.एन. एस के तहत बैधानिक कार्यवाही का जा रही है। गिरफ्तार आरोपी 1. समीर मेव पिता सफीक मेव उम्र 25 साल निवासी 63 मेवाती मोहल्ला थाना एमजीरोड इंदौर 2. देव ओटकर पिता रमेश ओटकर उम्र 25 साल निवासी 6/6 रेडियो चौक वियावानी इंदौर को पकडकर की जा रही है वैधानिक कार्यवाही।

## संपादकीय | सुप्रीम कोर्ट का आधार उम्र सत्यापन प्रस्ताव...

पिछले कुछ समय से इंटरनेट की असीमित दुनिया में पसरी वैसी सामग्री को लेकर एक व्यापक चिंता पैदा हुई है, जो बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व पर नकारात्मक असर डालती है, उनके सोचने-समझने की दिशा को बुरी तरह प्रभावित करती है। इसके मद्देनजर दुनिया के कई देशों ने अपने स्तर पर ऐसे नियम-कायदे भी बनाए हैं, जिनके जरिए सोशल मीडिया और इस तरह के अन्य इंटरनेट मंचों तक बच्चों और किशोरों की पहुंच को सीमित किया गया। भारत में भी इस मसले पर चिंता के स्वर उभरे हैं कि व्यापक उपयोगिता के समांतर इंटरनेट की निर्बाध दुनिया में मौजूद आपत्तिजनक सामग्री को लेकर एक ठोस नियमन हो, ताकि नाबालिगों को उसके नकारात्मक असर से बचाया जा सके।

इसके अलावा, अगर कोई व्यक्ति अपने सोशल मीडिया खाते या वीडियो चैनल पर किसी तरह की आपत्तिजनक सामग्री तैयार करके जारी करता है, तो उसे रोकने को लेकर नियम-कायदे की भी कमी है। यही वजह है कि किशोरों या नाबालिगों सहित इंटरनेट की सुविधा रखने वाला हर व्यक्ति अलग-अलग मंचों पर उपलब्ध अश्लील या आपत्तिजनक सामग्री तक भी आसान पहुंच रखता है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि इस संबंध में एक स्वायत्त नियामक संस्था के गठन की जरूरत है, जो इस पर लगाम लगा सके। एक मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सुझाव के तौर पर यह भी कहा कि इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील या वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार नंबर से उम्र की पुष्टि करने पर विचार किया जाना चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं




कि नई तकनीक और प्रौद्योगिकी के तेजी से विस्तार के दौर में आसपास की दुनिया और व्यवस्थागत ढांचे में भी व्यापक बदलाव आ रहे हैं। रोजगार से लेकर पढ़ाई-लिखाई और मनोरंजन जैसी जरूरतों के लिए इंटरनेट पर निर्भरता का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ा है। मुश्किल यह है कि जिस साइबर संसार ने जीवन को आसान बनाया है और अध्ययन तथा शोध से संबंधित मामलों में अपनी उपयोगिता साबित की है, उसी में ऐसी सामग्री का असीमित भंडार भी है, जिसे समाज के लिए नुकसानदेह माना जाता है। ओटीटी मंचों, यूट्यूब या फिर सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो भरे पड़े हैं, जिन्हें आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री की श्रेणी में रखा जा सकता है और जो बच्चों के लिए नुकसानदेह हैं।आस्ट्रेलिया और डेनमार्क जैसे देशों ने सोशल मीडिया तक अपने यहां के नाबालिगों की पहुंच को सीमित करने के लिए नियम-कायदे बनाए हैं, तो इसके पीछे यही चिंता है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की यह राय गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर उम्र की जांच के लिए आधार नंबर का उपयोग किया जा सकता है। मगर एक पहलू यह भी है कि आधार नंबर की संवेदनशीलता और उसके जोखिम के मद्देनजर उसे सभी जगहों पर न देने की सलाह दी जाती है।

ऐसे में अगर साइबर संसार का कोई मंच उम्र की पुष्टि के लिए किसी व्यक्ति का आधार और उससे जुड़े ब्योरे लेता है, तो यह कैसे सुनिश्चित होगा कि उसका किसी भी तरह से दुरुपयोग न हो। जाहिर है, इंटरनेट की व्यापक दुनिया के कुछ नुकसानों को देखते हुए नियमन के लिए एक ढांचा खड़ा करने पर विचार किया जा सकता है, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत होगी कि इसके नाम पर लोकतंत्र तथा अभिव्यक्ति के अधिकार को चोट न पहुंचे और वह लोगों की स्वस्थ, आलोचनात्मक और जनतांत्रिक चेतना को बाधित न करे।

# श्रीराम मन्दिर ध्वजारोहण पर पाकिस्तान की बौखलाहट

> पाकिस्तान के इस व्यवहार के पीछे भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, उभरती वैश्विक प्रतिष्ठा और मजबूत होती राष्ट्र-चेतना का भय साफ दिखाई देता है। भारत आज जिस तेज़ी से विश्व राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है, उसकी आर्थिक शक्ति जितनी तेज़ी से बढ़ रही है और जिसके सांस्कृतिक और सभ्यतागत विमर्शों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है, वह पाकिस्तान की बेचैनी का मूल कारण है। पाकिस्तान यह समझ चुका है कि भारत केवल राजनीतिक या आर्थिक शक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में भी उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्निर्माण और इसके साथ जुड़ी सांस्कृतिक चेतना भारतीय समाज के भीतर एक नई एकता, नई ऊर्जा और एक नए आत्मसम्मान का निर्माण कर रही है। यही वह शक्ति है जिसे पाकिस्तान सबसे अधिक डरता है क्योंकि एक आत्मविश्वासी, एकजुट और संस्कृति-प्राण भारत उसकी कट्टरपंथी राजनीति और भारत-विरोधी साजिशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

**ललित गर्ग**

पाकिस्तान की भारत-निंदा की आदत कोई नई नहीं है; यह उसकी कूटनीति एवं संकीर्ण सोच का स्थायी चरित्र बन चुकी है। ऐसा शायद ही कोई अवसर हो जब भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती साख और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रभावी दृश्य उभरे और पाकिस्तान उसमें संकुचित मानसिकता से भरी त्रासद टिप्पणियां न करे, विरोध का वातावरण न बनाए या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनर्गल आरोपों का पुलिंदा न खोले। हाल ही में अयोध्याजी में श्रीराम मंदिर पर हुए ध्वजारोहण समारोह को लेकर उसकी बौखलाहट इसी मानसिक दिवालियापन का ताज़ा उदाहरण है। भारतीयता के स्वाभाविक सद्भाव में सेंध लगाने का कोई अवसर पाकिस्तान हाथ से नहीं जाने देता। यह केवल एक धार्मिक समारोह नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यता-स्मृति और सांस्कृतिक स्वाभिमान का वह क्षण था जिसने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। पाकिस्तान ने इस ऐतिहासिक घटना का विरोध ही नहीं किया बल्कि इसे संयुक्त राष्ट्र तक ले जाकर शिकायत की, जैसे उसे भारत के हर आंतरिक मामले में बाधा डालना ही अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारी समझ में आता हो। इससे पहले भी उसने राम मंदिर निर्माण के अवसर पर अनर्गल विरोध दर्ज कराया था। यह उसका वह ढर्रा है जो भारत के सांस्कृतिक उत्थान एवं उन्नयन की किसी भी झलक को देखकर सहन नहीं कर पाता।

पूरे कुतर्क एवं कुचेष्टाओं के साथ अपने बयान में पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया है कि श्रीराम मन्दिर का ध्वजारोहण भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाने की व्यापक प्रवृत्ति का परिणाम है। वैसे, दुनिया जानती है कि किस देश में अल्पसंख्यक ज्यादा दबाव में हैं। आज के समय में पाकिस्तान में बमुश्किल 50 लाख हिंदू बचे हैं, अन्य अल्पसंख्यक सिख और ईसाई तो न के बराबर हैं। पश्चिमी पाकिस्तान में बंटवारे से पहले करीब 15 प्रतिशत हिंदू रहा करते थे, पर बंटवारे के बाद हिंदुओं की संख्या 2 प्रतिशत के आसपास आ सिमटी। दूसरी ओर, भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुस्लिम हैं, इनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के साथ तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान की ओर से यह फिजूल टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान खुद लंबे समय से हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदिया मुसलमानों सहित दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का केंद्र बना हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पूरे पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा व उत्पीड़न जारी रहा है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहावत के अनुसार पाकिस्तान की यह दखलअंदाजी केवल अस्वीकार्य ही नहीं, बल्कि उसकी दोहरी मानसिकता और पाखंडी चरित्र को भी उजागर करती है। विडंबना यह है कि जो देश स्वयं अपने ही नागरिकों को सुरक्षित रखने में असमर्थ है, जो अपने ही अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का हनन करता रहा है, वह भारत में मुसलमानों के अधिकारों की चिन्ता में रातभर जागने का अभिनय कर रहा है। वह देश, जहां हिंदुओं की आबादी 1947 से लेकर आज तक लगभग समाप्त होने की कगार पर पहुँच चुकी है, जहां सिखों पर




अत्याचार के अनगिनत उदाहरण मौजूद हैं, जहां ईसाइयों की प्रार्थना सभाओं को अक्सर हिंसा का निशाना बनाया जाता है, वह भारत में अल्पसंख्यक अधिकारों पर प्रवचन देने का नैतिक अधिकार कैसे प्राप्त कर सकता है? पाकिस्तान की विश्वसनीयता इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि उसकी हर शिकायत एक राजनीतिक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं रह जाती।

पाकिस्तान के इस व्यवहार के पीछे भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, उभरती वैश्विक प्रतिष्ठा और मजबूत होती राष्ट्र-चेतना का भय साफ दिखाई देता है। भारत आज जिस तेज़ी से विश्व राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है, उसकी आर्थिक शक्ति जितनी तेज़ी से बढ़ रही है और जिसके सांस्कृतिक और सभ्यतागत विमर्शों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है, वह पाकिस्तान की बेचैनी का मूल कारण है। पाकिस्तान यह समझ चुका है कि भारत केवल राजनीतिक या आर्थिक शक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में भी उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्निर्माण और इसके साथ जुड़ी सांस्कृतिक चेतना भारतीय समाज के भीतर एक नई एकता, नई ऊर्जा और एक नए आत्मसम्मान का निर्माण कर रही है। यही वह शक्ति है जिसे पाकिस्तान सबसे अधिक डरता है क्योंकि एक आत्मविश्वासी, एकजुट और संस्कृति-प्राण भारत उसकी कट्टरपंथी राजनीति और भारत-विरोधी साजिशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

पाकिस्तान की ओर से जो 'बुकलेट्स' और 'शिकायतें' अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पेश की जाती हैं, वे वस्तुतः उसकी असफल विदेश नीति का प्रमाण-पत्र हैं। एक ऐसा देश, जो आज आर्थिक दिवालियापन, राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद की जड़ों में स्वयं फंसा हुआ है, वह भारत के आंतरिक धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक संकट बनाने का हास्यास्पद प्रयास करता है। उसका यह व्यवहार न केवल हस्तक्षेपकारी है, बल्कि उकसाने वाला भी है। भारत इन सब निराधार आरोपों को न केवल तथ्यात्मक रूप से खारिज करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर हर मंच पर सटीक जवाब देने की तैयारी भी रखता है। भारत की नीति स्पष्ट है, वह किसी भी देश के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देता, परंतु अपने आंतरिक मामलों पर किसी की दखलंदाजी भी स्वीकार नहीं करता। भारत की आंतरिक नीतियाँ संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था से संचालित होती हैं। यहां का अल्पसंख्यक समुदाय किसी भी अन्य समुदाय की तरह समान अधिकारों का उपभोग करता है। भारत की भूमि पर हर धर्म, पंथ और विचारधारा को समान रूप से सम्मान मिलता है। यह विविधता और समभाव वाला देश है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च केवल स्थापत्य संरचनाएँ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के बहुरंगी फूल हैं। पाकिस्तान की एकरंगी धार्मिक नीति और कट्टरपंथी दबदबा इसे समझ नहीं पाता, इसलिए वह भारत के धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति जताकर अपनी ही सीमित सोच को उजागर करता है।

भारत ने हर चुनौती, हर आरोप और हर उत्तेजक बयान का शांतिपूर्ण और तथ्याधारित उत्तर दिया है। यह संयम उसकी शक्ति भी है और संस्कृति भी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत किसी उकसाने वाले कदम को नजरअंदाज करेगा। समय-समय पर भारत ने यह दिखाया है कि वह केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामरिक, कूटनीतिक और आर्थिक स्तर पर भी पर्याप्त सक्षम है। पाकिस्तान यह भलीभांति जानता है कि भारत अब इक्कीसवीं सदी का भारत है-आत्मनिर्भर, जागृत, संगठित और विश्व-मान्य शक्ति। अयोध्या में राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल का पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि भारत की आत्मा से जुड़े सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गूंज है। इसे कोई अंतरराष्ट्रीय मंच कमतर नहीं कर सकता। पाकिस्तान चाहे कितनी भी शिकायतें कर ले, कितने भी बयान जारी कर दे, या कितनी भी झूठी कहानियां गढ़ ले, भारत की सांस्कृतिक चेतना का उभार अविराम है और यह आगे भी नए आयाम स्थापित करता रहेगा।सच यह है कि पाकिस्तान की यह बौखलाहट उसकी पराजित मानसिकता का परिचायक है। भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती प्रतिष्ठा और उभरती सांस्कृतिक पहचान उसके लिए सबसे बड़ा संकट है। लेकिन भारत का रास्ता स्पष्ट है-वह आगे बढ़ेगा, अपनी सभ्यता को सशक्त करेगा, अपनी संस्कृति को विश्व-पटल पर स्थापित करेगा और किसी भी अनर्गल हस्तक्षेप का दृढ़ता से सामना करेगा। पाकिस्तान चाहे कितने ही मोर्चों पर खतरा बने, भारत हर मोर्चे पर उत्तर देने में सक्षम है-साहस से भी, और संस्कार से भी।

# विराट कोहली ने 52वां शतक जड़कर रचा हैरतअंगेज इतिहास

## टूट गया सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपने करियर के उस फेज हैं, जब भी वह मैदान पर उतरते हैं तो रिकॉर्ड्स बनते और टूटते हैं। कुछ ऐसा ही रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में भी देखने को मिला। कोहली ने रांची के मैदान पर 102 गेंदों में 100 रन कंप्लीट किए और कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी। यह उनके वनडे करियर का 52वां शतक था। कोहली ने हैरतअंगेज इतिहास रच डाला है। वह एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक सेंचुरी जमाने वाले वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड तोड़ डाला है। सचिन ने अपने करियर में टेस्ट फॉर्मेट में 51 शतक जड़े। बता दें कि कोहली 2023 में सचिन को पछाड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक मारने वाले क्रिकेटर बन थे। सचिन ने वनडे में 49 सेंचुरी लगाईं। 37 वर्षीय कोहली ने सचिन का एक और ध्वस्त किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैचों में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले भारतीय प्लेयर बन गए हैं। वह अभी तक 32 मैचों में 6 शतक लगा चुके हैं। वहीं, महान बल्लेबाज सचिन ने साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 57 वनडे मैचों में पांच शतक ठोके थे। इसके अलावा, कोहली घरेलू मैदान पर वनडे में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने साथ ही घर पर 100 बार पचास प्लस स्कोर बनाने का कारनामा अंजाम दिया है।

# रोहित बने वनडे में सिक्सर किंग

## शाहिद अफरीदी के रिकॉर्ड की धज्जियां उड़ाकर बनाया विश्व कीर्तिमान



**रांची (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। वहीं रोहित शर्मा बने वनडे में सिक्सर किंग बन गए उन्होंने शाहिद अफरीदी के रिकॉर्ड की धज्जियां उड़ाकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम कर लिया था।भारतीय टीम ने 32 ओवर में 4 विकेट पर 208 रन बना लिए थे। विराट कोहली ने शानदार शतक लगाया। ऋतुराज गायकवाड (8 रन) को ओटनिल बार्टमैन ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। रोहित शर्मा (51 बॉल पर 57 रन) को मार्को यानसन ने एलबीडब्ल्यू किया। यशस्वी जायसवाल 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नांद्रे बर्गर ने विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के हाथों कैच कराया। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। रोहित अब वनडे क्रिकेट में 352 छक्कों के साथ इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित को इस मैच से पहले ये रिकॉर्ड बनाने के लिए 3 छक्कों की जरूरत थी। रोहित ने इस मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी (351) को पीछे छोड़ दिया है जो इससे पहले वनडे इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के (351) मारने वाले खिलाड़ी थे।




### अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी

# टी20 क्रिकेट में लगाया तीसरा सबसे तेज शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब के विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा ने एक बार फिर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया। सिर्फ 12 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक ने 32 गेंदों में सेंचुरी जड़कर घरेलू टी20 क्रिकेट में तहलका मचा दिया। हालांकि वे पुरुषों के टी20 क्रिकेट का सबसे तेज शतक बनाने का विश्व रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए, लेकिन भारतीय क्रिकेट में यह पारी उन्हें एक नई ऊंचाई पर ले जाती है। अभिषेक ने अपनी पारी के दौरान 11 छक्के और 7 चौके लगाए जबकि पंजाब ने टूर्नामेंट इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टीम स्कोर खड़ा किया।

**अभिषेक शर्मा का धमाका—32 गेंदों में सेंचुरी:** अभिषेक शर्मा अपनी अग्रेसिव बैटिंग स्टाइल के लिए जाने जाते हैं और इस मैच में उन्होंने इसे एक बार फिर साबित कर दिया। शुरुआती ओवर से ही उन्होंने गेंदबाजों पर हावी होकर खेलना शुरू किया और जल्दी ही पावरप्ले में मैच का रुख बदल दिया। 32 गेंदों में 11 छक्के और 7 चौकों की मदद से उन्होंने अपना शतक पूरा किया। यह पारी सिर्फ आक्रामक नहीं, बल्कि पूरी तरह नियंत्रित भी रही, जहां हर शॉट योजना के साथ खेला गया।

**विश्व रिकॉर्ड से केवल 5 गेंद दूर रहे अभिषेक :** भले ही अभिषेक की शतकीय पारी यादगार रही हो, लेकिन वे पुरुषों के टी20 इतिहास के सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड से कुछ कदम दूर रह गए। यह रिकॉर्ड एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान के नाम है जिन्होंने मात्र 27 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास बनाया था। अभिषेक 32 गेंदों में शतक बनाकर इस उपलब्धि के करीब पहुंचे, लेकिन रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए।

**भारतीय क्रिकेट में तीसरा सबसे तेज झ20 शतक :** अभिषेक शर्मा का यह शतक भारतीय क्रिकेट इतिहास में तीसरा सबसे तेज टी20 शतक है। इससे पहले वे खुद भी दूसरे सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड में संयुक्त रूप से शामिल थे। उन्होंने 28 गेंदों में टी20 शतक बनाने की उपलब्धि हासिल की थी, जो उर्विल पटेल के साथ साझा है। उर्विल पटेल ने 2024 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गुजरात की ओर से त्रिपुरा के खिलाफ यह रिकॉर्ड कायम किया था।

# ला लीगा में बार्सिलोना ने अलावेस को 3-1 से हराया

- **ओल्मो के दो और यामाल ने एक गोल किया; बार्सिलोना पॉइंट टेबल में टॉप पर**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैंप नोउ के स्टेडियम में खेले गए मैच में दानी ओल्मो ने दो गोल किए, जबकि लैमिन यामाल ने टीम के लिए एक गोल दागा। मैच की शुरुआत में अलावेस ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली थी। पहले हाफ में तीन गोल मुकाबले की शुरुआत बार्सिलोना के लिए हैरान करने वाली रही।

पहले ही मिनट में मार्क कासाडो की गलत क्लियरेंस का फायदा उठाकर विक्टर पराडा की पास पर पाब्लो इबानेज ने गोल कर दिया और अलावेस को 1-0 की बढ़त दिला दी।इसके बाद बार्सिलोना ने तेजी से वापसी की और रफीन्हा के क्रॉस पर यामाल ने बराबरी का गोल किया। हाफ टाइम से पहले दानी ओल्मो ने रफीन्हा की ही सहायता पर गेंद को नेट में पहुंचाकर टीम को बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ में बार्सिलोना की ओर से एक गोल दूसरे हाफ में यामाल ने एक बार फिर मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट पोस्ट से टकरा गया। अलावेस के लुकास बोये ने भी बराबरी का मौका गंवाया, जिसे पाउ कुबर्सी ने शानदार ब्लॉक से रोक दिया।

स्टेडियम में मौजूद करीब 45,000 दर्शकों ने पेड्री के दूसरे हाफ में लौटने पर जोरदार स्वागत किया। मैच के अंतिम क्षणों में यामाल की पासिंग से ओल्मो ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दागकर जीत पक्की की। मैच के बाद ओल्मो ने कहा, पहले मिनट में हम चौंके, लेकिन पूरी टीम ने शानदार वापसी की।



## वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने रोहित शर्मा

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान हासिल की। इस मैच से पहले रोहित ये उपलब्धि हासिल करने से तीन छक्के दूर थे और उन्होंने मैच में तीन छक्के लगाते ही पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी को पीछे छोड़ दिया। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में शानदार बल्लेबाजी की। रोहित को शुरुआत में जीवनदान मिला था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। रोहित इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अच्छी फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी बरकरार रखा है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी ने अपने वनडे करियर में कुल 351 छक्के लगाए हैं, लेकिन रोहित के नाम अब इस प्रारूप में 352 छक्के हो गए हैं और वह सभी से आगे निकल गए हैं।

# सभापति के आह्वान पर जनता ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

## 128वें कार्यक्रम में वार्डवासियों सहित सांसद भी हुए शामिल

**शाजापुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 29 में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 128वीं मन की बात कार्यक्रम का आयोजन वृहदस्तर पर किया गया। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में वार्डवासियों सहित क्षेत्रीय सांसद तथा भाजपा पदाधिकारी भी शामिल हुए।

वार्ड क्रमांक 29 के भाजपा के बूथ अध्यक्ष सुनील वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 128वें मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 10.30 बजे किया गया। इस दौरान वार्ड 29 के पोलिंग बूथ क्रमांक 205 स्थित श्री विनायकेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्टेशन रोड़ पर आयोजन रखा गया। जिसमें क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर पालिका सभापति दिनेश सौराष्ट्रीय द्वारा किए गए आव्हान पर बड़ी संख्या में वार्ड के महिला एवं पुरुषों ने उपस्थित होकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात को सुना। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी उपस्थितजनों ने बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना।



मन की बात कार्यक्रम के समापन उपरांत उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा आयोजन स्थल पर नव प्रतिष्ठित श्रीविनायकेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग की विधि विधान से पूजा-अर्चना भी की गई। कार्यक्रम के अंत में आभार सभापति दिनेश सौराष्ट्रीय ने व्यक्त किया। इस मौके पर मांगीलाल सौराष्ट्रीय, सुनील नाहर, गोकुलसिंह पंवार, अशोक नाथ, दुल्हेसिंह दरबार, विष्णु बड़े, राधेश्याम सौराष्ट्रीय, भरत शर्मा, रमेश सौराष्ट्रीय, सचिन भदौरिया, डॉ. जितेन्द्र पंवार, सुरेश सरदार तथा मुकेश सौराष्ट्रीय सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी महिला पुरुष उपस्थित थे।

# शाजापुर में कोचिंग से घर जा रही नाबालिग को छेड़ा

## चार युवकों ने मां व भाई से की मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**शाजापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। यह शनिवार रात करीब 8.30 बजे की है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह कोचिंग से घर लौट रही थी। लक्ष्मीनगर स्थित हनुमान मंदिर के पास रोहित नामक युवक ने उससे जबरन बात करने की कोशिश की।

जब छात्रा ने मना किया तो उसने उसका हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान छात्रा की मां और उसका भाई मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी उन युवकों को समझाने का प्रयास किया। इस पर आरोपी रोहित ने गाली-गलौच शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। इसके बाद योगेश और 2-3 अन्य युवक भी वहां आ गए। सभी ने





मिलकर छात्रा की मां के साथ मारपीट की, जिसमें उनका मंगलसूत्र और चेन टूट गई। इस घटना में छात्रा के भाई को भी चोटें आई हैं, जबकि मां के गले और सिर में चोट लगी है। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने छात्रा के आवेदन के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 75(1)(प), 115(2), 296, 351(3), 3(5) और पाक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

### क्षेत्र मे मची अफरा-तफरी, पुलिस ने शांत किया माहौल

घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामला शांत कराया और भीड़ को हटाया। जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

## चार दशक की निष्ठाभावी सेवा को वनपरिवार ने किया नमन

# निष्कलंक सेवायात्रा के पावन समापन पर वरिष्ठ निज सहायक प्रमोद कुमार शर्मा को वनमण्डल गुना की आदरसिक्त विदाई

**गुना।** वनमण्डल गुना के वरिष्ठ निज सहायक श्री प्रमोद कुमार शर्मा के सुफल एवं निष्कलंक दीर्घ सेवाकाल के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सहभागिता भवन में एक सौम्य, गरिमामयी एवं हृदयग्राही विदाई समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसकी शोभा वनमण्डल अधिकारी अक्षय राठौर (भा.व.से.) तथा उपवनमण्डलाधिकारी गुना नीरज निश्चल (भा.व.से.) की सान्निध्य उपस्थिति से अभिवृद्ध हुई। समारोहारम्भ में उपस्थित विशिष्ट अतिथिगणों द्वारा परम्परानुसार पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण से श्री शर्मा का अभिनंदन किया गया तथा श्री शर्मा द्वारा भी अधिकारियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उपवनमण्डलाधिकारी बीनागंज इंद्रसिंह धाकड़ सहित वनमण्डल के अधिकारीगण हेमंत भार्गव, सचिन गुप्ता, सौरभ द्वेदी ने शॉल-श्रीफल, पुष्पगुच्छ से श्री शर्मा का अभिनंदन किया एवं वनमण्डल परिवार द्वारा अभिनंदन-पुष्पहार अर्पित कर श्री शर्मा के प्रति अपनी आत्मीय श्रद्धा एवं सम्मान का व्यक्त किया। श्री शर्मा की सहधर्मिणी श्रीमती साधना शर्मा, पुत्री




प्रज्ञा शर्मा, पुत्र अक्षय शर्मा तथा अन्य परिवारीजन की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को पारिवारिक स्नेह की मधुर आभा से आप्लावित कर दिया, सभी का वनमण्डल परिवार ने ससम्मान अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मुख्य लिपिक अनिल चौरसिया द्वारा कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। जिसके उपरांत वनमण्डल अधिकारी श्री राठौर जी ने वरिष्ठ निज सहायक श्री शर्मा के कर्तव्यनिष्ठ, समयपालक, गोपनीयता एवं अनुशासनप्रिय सेवावृत्त का विशद उल्लेख करते हुए उनके उज्ज्वल, आरोग्यपूर्ण एवं संतुलित भावी जीवन हेतु मंगलाभिलाषाएँ व्यक्त कीं।

श्री नरेन्द्र भार्गव, पूर्व मुख्य लिपिक, तथा अन्य सहकर्मियों ने भी उनके सौम्य स्वभाव, सहृदय सहयोगिता एवं कार्यकुशलता से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व की विशिष्ट गरिमा को रेखांकित किया।

इस अवसर को काव्यमयी गाम्भीर्य प्रदान करते हुए वनपाल श्री हरिबल्लभ ओझा ने अपने उद्बोधन में श्री शर्मा की 42 वर्ष से अधिक की अतुलनीय, निर्दोष एवं तपश्चर्या सदृश शासकीय यात्रा को भाव-समन्वित शब्दों में अभिव्यक्त किया, जिसने वातावरण को हृदयझस्पर्शी अनुराग से द्रवित कर दिया। श्री शर्मा की पुत्री प्रज्ञा शर्मा ने अपने उद्गार व्यक्त कर अपने बचपन को याद करते हुए पिता




की शासकीय सेवा के साथ परिवार से समन्वय को याद करते हुए काव्यमय भावों से कार्यक्रम को श्रवणमुग्ध कर दिया, पुत्री प्रज्ञा के द्वारा व्यक्त उद्गार के बाद पुत्र अक्षय शर्मा तथा सहधर्मिणी श्रीमती साधना शर्मा ने भी अपनेझअपने उद्गार प्रस्तुत कर श्री शर्मा के पारिवारिक एवं दायित्वझ प्रधान जीवनवृत्त की सौम्यता, कठोर परिश्रम एवं मूल्यपरकता को मार्मिक रूप में उजागर किया।

कार्यक्रम में उपवनमण्डलाधिकारी गुना नीरज निश्चल (भा.व.से.) ने अपने वक्तव्य में श्री शर्मा की कार्यनिष्ठा, संवाद संयम, निज-सहायक पद की मयार्दाओं के प्रति उनकी अद्वितीय प्रतिबद्धता तथा कार्यालय-व्यवहार में प्रदर्शित संयत कौशल की सराहना की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने उद्गार प्रकट कर वनमण्डल परिवार द्वारा प्रदत्त स्नेह, सहयोग एवं संयुक्त कायार्नुभवों के लिए कृतज्ञता अर्पित की। समारोह के समापन अवसर पर वनमण्डल परिवार द्वारा शॉल-श्रीफल एवं स्मृतिचिह्न अर्पित कर श्री शर्मा का सादर अभिनंदन किया गया। आभार प्रदर्शन मुख्य लिपिक श्री चौरसिया द्वारा किया गया तथा संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजित संचालन वनरक्षक अभिषेक ओझा एवं वनपाल हरिबल्लभ ओझा द्वारा सम्पन्न किया गया।

**अंत में वनपाल श्री हरिबल्लभ ओझा द्वारा प्रस्तुत पंक्तियों ने समारोह को भावनात्मक ऊष्मा से भर दिया—**

'ये सांझ की खामोशी नहीं, ये अनोखी कहानी है।।
एक ऐसे अफसर की, जिनसे कर्मराह सुहानी है।।
कर्म को पूजा समझा, वक़्त को माना न्यास है,
इससे बड़ी किसी शख्सियत की और क्या निशानी है।।

# 20 हजार मतदाताओं के नाम गायब

**● एसआईआर पर सपा सांसद राजीव राय का गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम गायब होने का आरोप लगाया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा कि मऊ सदर विधानसभा से 20 हजार नाम गायब हैं। राजीव राय ने मोबाइल फोन दिखाते हुए कहा, 'इसमें कहा गया है कि डिलीशन का एप्लिकेशन स्वीकार कर लिया गया है। आखिर यह डिलीशन कहां से आया, किस अज्ञात पते से आया? यह हमें नहीं बताया जा रहा है। मैंने सबूतों के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त को कल पत्र लिखा। हम लोग पूरे दिन इंतजार करते रहे कि समय मिलेगा मगर ऐसा नहीं हुआ।'



घोसी से सपा सांसद राजीव राय ने कहा, 'मैंने जिलाधिकारी को चिट्ठी लिखी। अभी फोन आया तो बताया गया कि डीएम को जांच कराने के लिए कहा गया है। ऐसा हाल हो गया है। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।' उन्होंने कहा कि मऊ विधानसभा से 20 हजार नाम काटे गए हैं। मैं चुनाव आयोग से जानना चाहता हूं कि डिलीशन का एप्लिकेशन किसने दिया है? क्या बीजेपी के वार रूम से यह बैठे-बैठे हो रहा है? सपा नेता ने कहा, 'मैं गलत भी हो सकता हूं लेकिन मुझे इसका जवाब चाहिए। ऐसा हो सकता है कि 20 हजार लोगों के नाम चुन-चुनकर हटाए गए हों। आखिर आपको बताने में क्या परहेज है।'

बता दें कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अखिलेश ने शनिवार को कहा कि एसआईआर को लेकर इतनी जल्दबाजी में क्यों हैं। उन्होंने कहा, 'शादियों के मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं। इसी समय आयोग एसआईआर करवा रहा है। आखिर भाजपा और आयोग के बीच क्या सेटिंग है। एसआईआर को लेकर कोई बड़ी साजिश रची जा रही है।' अखिलेश ने कहा है कि प्रदेश में लगातार शादियां हो रही हैं और शादियों के समय पर लोगों का एक दूसरे के यहां आना-जाना, शादी की तैयारी करना सब व्यस्त हैं। इतने कम समय में एसआईआर कराना पूरे प्रदेश का और किस-किस को आपने जिम्मेदारी दी है।' अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा दोनों मिले हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एसआईआर कराने की जल्दी क्यों है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को सहायक बनाया गया है।

## दिल्ली के वसंत कुंज में मर्सिडीज कार ने 3 लोगों को मारी टक्कर, 23 साल के युवक की मौत; 2 घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एंबियंस मॉल के पास रविवार तड़के एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के करीब 2:30 बजे वसंत कुंज नॉर्थ थाने को रोड एक्सीडेंट के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। पुलिस स्टाफ तुरंत घटनास्थल वसंत विहार में नेल्सन मंडेला मार्ग पर एंबियंस मॉल के सामने पहुंचा। पुलिस टीम को वहां हिमाचल नंबर एचपी 11डी 0060 की एक मर्सिडीज व63 कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। इसके साथ ही तीन लोग मौके पर घायल पड़े मिले। इनमें से दो लोगों की उम्र 23 साल और एक की उम्र 35 साल है। सभी एंबियंस मॉल के एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी हैं। तीनों घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान उत्तराखंड के चमोली जिले के रहने वाले 23 साल के रोहित को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य का अब भी इलाज चल रहा है। मर्सिडीज कार के ड्राइवर की पहचान दिल्ली के करोल बाग निवासी 29 वर्षीय शिवम के तौर पर हुई है। घटना के समय वह अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ गाड़ी चला रहा था।

# किरण बेदी की मांग: सरकारी दफ्तरों में एयर प्यूरीफायर पर लगे रोक

**ताकि अधिकारी महसूस करें प्रदूषण का दर्द**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने सरकारी दफ्तरों और आवासों में एयर प्यूरीफायर पर प्रतिबंध की मांग की है, ताकि अधिकारी वायु प्रदूषण की गंभीरता को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें और समाधान खोजने के लिए प्रेरित हों। उनका तर्क है कि सुरक्षा घेरे में रहने से अधिकारी जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ रहते हैं, जबकि नागरिक प्रदूषित हवा से परेशान हैं।



पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने शनिवार को सरकारी दफ्तरों और सरकारी आवासों में एयर प्यूरीफायर लगाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि अगर सरकारी अधिकारियों को वायु प्रदूषण की समस्या की गंभीरता को समझना है, तो उन्हें इसके प्रभावों का प्रत्यक्ष अनुभव होना चाहिए। एक्स पर शेयर की गई एक पोस्ट में, बेदी ने लिखा सरकारी दफ्तरों और घरों में सरकारी खर्च पर एयर प्यूरीफायर लगाने पर रोक लगाने के बारे में आपका क्या विचार है?

उन्होंने एक्स पर आगे लिखा कि वे प्रदूषित हवा में साँस कैसे लेंगे ताकि पता चल सके कि क्या हो रहा है? इसके अलावा, इससे उन्हें मैदान में जाकर हॉटस्पॉट की जाँच करने में भी दिक्कत होती है। हमें समाधान चाहिए, किसी को नुकसान न पहुँचाने के लिए। एक्स पर एक अलग पोस्ट में, बेदी ने यह भी सवाल उठाया कि सरकारी अधिकारी ज़हरीली हवा की गंभीरता को कैसे समझ सकते हैं, जबकि वे हर कदम पर प्यूरीफायर से सुरक्षित रहते हैं। बेदी ने कहा कि इस तरह का इन्सुलेशन अधिकारियों को बाहर की वास्तविक स्थिति का अंदाज़ा लगाने से रोकता है, जबकि नागरिक परेशान हैं।

## बहन से दोस्ती करने पर नाबालिग पड़ोसी को चाकू से गोद डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में शुक्रवार देर रात एक लड़के ने बहन से दोस्ती करने पर नाबालिग पड़ोसी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी हमलावर दोस्तों समेत फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल मुख्य आरोपी समेत पांच नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया। इनके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।

डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि गत 28 नवंबर की रात भलस्वा डेयरी पुलिस को गोला चौक नमक गोदाम के पास चाकूबाजी की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल 17 साल के नाबालिग को पास के अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि नाबालिग की मौत हो चुकी है। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि नाबालिग पर चार-पांच लड़कों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह अचेत होकर गिर गया तो आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गए।

घटना की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि 17 साल का नाबालिग अपने परिजनों के साथ भलस्वा डेयरी इलाके में साथ रहता था। उसकी पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से दोस्ती थी। इस बात को लेकर नाबालिग का लड़की के भाई से विवाद चल रहा था। नाबालिग किसी काम से स्वरूप नगर एक्सटेंशन के गोला चौक इलाके पास गया था, तभी लड़की के भाई ने अपने चार दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी।

## चीन के लिए काल बनेगा ताइवान का 'टी-डोम'

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने हाल ही में देश की सबसे महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना 'टी-डोम' की आधिकारिक घोषणा की। इसकी तुलना इजरायल के मशहूर आयरन डोम से की जा रही है। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि ताइवान का टी-डोम आयरन डोम से भी अधिक पावरफुल होगी, क्योंकि इसे चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लड़ाकू विमानों, बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों सभी तरह के खतरों से एक साथ निपटना है। दरअसल, ताइवान सरकार ने अगले कई वर्षों में रक्षा बजट में अतिरिक्त 40 बिलियन डॉलर जोड़ने का प्रस्ताव रखा है, जिसमें टी-डोम को विकसित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन के बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए टी-डोम के निर्माण में तेजी लाने का वादा किया है। बता दें कि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने टी-डोम की घोषणा लाई ने 10 अक्टूबर को की थी। टी-डोम को चीनी लड़ाकू विमानों, मिसाइलों या ड्रोनों के संभावित हमले से लोकतांत्रिक द्वीप की रक्षा के लिए डिजाइन किया जाएगा। टी-डोम की तुलना इजरायल की आयरन डोम से की जा रही है। लेकिन दोनों में अंतर है। ताइपे स्थित सुरक्षा विश्लेषक जे. माइकल कोल ने बताया कि आयरन डोम मुख्य रूप से कम दूरी के हथियारों के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि टी-डोम को खतरों की एक बहुत व्यापक श्रृंखला का सामना करना पड़ेगा।

# जेलेंस्की के सबसे ताकतवर सहयोगी का इस्तीफा

**कौन हैं एंड्री यरमक, जिनके जाने से यूक्रेन में मची हलचल**

**यूक्रेन, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों द्वारा उनके घर पर छापेमारी के बाद उन्हें अपने पद से हटना पड़ा। यह पूरा मामला 100 मिलियन डॉलर के किकबैक घोटाले से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।

एंड्री यरमक यूक्रेन के दूसरे सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माने जाते थे और रूस के आक्रमण के दौरान कूटनीति व शांति वार्ताओं के प्रमुख चेहरा थे। उन्होंने विदेशी संपर्कों का प्रबंधन किया और कीव में आने वाले नेताओं की मेजबानी की। इसके अलावा वे सैन्य एवं



राजनयिक समर्थन के लिए राष्ट्रपति के साथ अंतरराष्ट्रीय मिशनों पर भी गए। एंड्री यरमक का जन्म कीव में हुआ। यरमक ने टारस शेवचेंको नेशनल यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय निजी कानून की पढ़ाई की। इसके बाद 1997 में अपनी लॉ फर्म शुरू की। अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत उन्होंने पार्टी ऑफ रीजन्स के सांसद और पूर्व ओलंपिक पहलवान एल्ब्रस टेडेयेव के कानूनी सलाहकार के रूप में की। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया में भी कदम रखा, 2012 में उन्होंने गार्नेट मीडिया ग्रुप की स्थापना की। यह ग्रुप यूक्रेनी फिल्मों और टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम करता था। 2011 में उनकी पहली मुलाकात जेलेंस्की से हुई, जब वे इंटर चैनल के जनरल प्रोड्यूसर थे। जेलेंस्की के राष्ट्रपति बनने के बाद यरमक को विदेश नीति सहायक बनाया गया। यरमक ने रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली और अमेरिका के साथ संचार संभाला। इसके बाद 2020 में वे चीफ ऑफ स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्य बने। रूस के 2022 के आक्रमण के बाद वे मानवीय मामलों के समन्वयक भी बने। अक्सर जेलेंस्की जैसी मिलिट्री स्टाइल पोशाक में नजर आने वाले यरमक को ग्रीन कार्डिनल का उपनाम मिला था। इसके बाद उन्हें लगभग सह-राष्ट्रपति, यूक्रेन का सबसे शक्तिशाली अनिर्वाचित व्यक्ति माना जाने लगा।

# एमपी में दो दिन बाद फिर तेज होगा सर्दी का दौर



भोपाल। अभी प्रदेश में मौसम के दो रंग एक्टिव कहीं दिन मे भी ठंडक तो कहीं धूप दिखा रही असर रहा। ग्वालियर समेत 7 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। रतलाम, नरसिंहपुर, सिवनी, बैतूल और नर्मदापुरम में पारा 15 से 19 डिग्री के बीच है। देश के दक्षिणी हिस्से में एक लो प्रेशर एरिया एक्टिव इस वजह से प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छा रहे, दिन में ठंडक बढ़ी। जबकि रात के तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा।